# RIHAN NEWS TODAY

NOVEMBER 2024
MAGAZINE

## अलीगढ़ क्लब में सर सैयद मीट 2024 का जश्न जोरो शोर से मनाया गया




## आजाद फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों से हाशिये पर खड़े व्यक्ति को भी आत्मनिर्भर बनने का मोका मिलेगा जो सराहनिये है एडीजे सचिव नितिन श्रीवास्तव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण




RN TODAY
Aapko Rakhe Aagey

## सर सैयद ने जो शिक्षा की मशाल जलायी आज वो दुनिया के कोने कोने में रोशन है जस्टिस इफाकत अली खान,फॉर्मर जज इलाहाबादहाई कोर्ट





दादी हिम्मत और मोहब्बत दोनों की मिसाल थीं। उन्हीं से मैंने सीखा है कि निडर होकर देशहित के रास्ते पर चलते रहना असली ताकत है। उनकी यादें मेरी शक्ति हैं, जो हमेशा मुझे राह दिखाती हैं।




भाजपा की झारखंड और आदिवासी विरोधी मानसिकता इससे एकदम साफ हो जाती है कि उन्होंने झारखंड के बकाए का 1.36 लाख करोड़ नहीं दिया है। ये पैसा जनता की शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास पर खर्च होना है। INDIA की सरकार झारखंड की जनता की है। हम जातिगत जनगणना कराएंगे, आरक्षण पर से 50: की दीवार को तोड़ेंगे, अपनी 7 गारंटियों को लागू करेंगे और जल-जंगल-जमीन की रक्षा करते रहेंगे।







महाराष्ट्र के संतों और महापुरूषों ने हमारी आजादी, लोकतंत्र और संविधान को बनाने में अहम योगदान दिया। आज उसी महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन की सरकार महापुरूषों का अपमान करती है। छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा में भ्रष्टाचार करके उन्हें अपमानित करती है। पार्टियों को तोड़कर, सरकार चुराकर संविधान का अपमान करती है। जनता के जनादेश को खरीदकर जनता का अपमान करती है। महाराष्ट्र की जनता भाजपा गठबंधन की सरकार को सबक सिखाने जा रही है। आज प्रदेश के गढ़चिरौली में विशाल जनसभा को संबोधित किया।






सर सैयद ने जो शिक्षा की मशाल जलायी आज वो दुनिया के कोने कोने में रोशन है!

जस्टिस इफाकत अली खान,फॉर्मर जज इलाहाबादहाई कोर्ट

. आजाद फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों से हाशिये पर खड़े व्यक्ति को भी आत्मनिर्भर बनने का मोका मिलेगा जो सराहनिये है!

एडीजेध्ससचिव नितिन श्रीवास्तव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

















सामाजिक संस्था आजाद फाउंडेशन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वधान में मिशन एजुकेशन व राष्ट्रीय लोक अदालत की जागरूकता पर "अलीगढ़ क्लब" में "सर सैयद मीट 2024" का जश्न जोरो शोर से मनाया गया! मॉडर्न शिक्षा के छेत्र में सर सैयद अहमद खान का नाम सबसे उपर आता है इसलिए उनके जन्म को देश के कोने कोने में हर्षो उल्लास के साथ मनाया जाता है!

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जस्टिस इफाकत अली खान (फॉर्मर जज इलाहाबाद हाईकोर्ट) ने बताया कैसे सर सैयद अहमद खान ने शिक्षा को बढ़ावा देने की खातिर न्यायिक सर्विस को रिजाइन कर अपना पूरा जीवन मॉडर्न शिक्षा को फैलाने में समर्पित कर दिया!

उनके बलिदान का फल आज अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के रूप में इतना बढ़ा आकार ले चुका है कि संस्था के बच्चे शिक्षित होकर दुनिया के कोने कोने में नाम रोशन कर रहे है!

विशिष्ठ अतिथि अपर जिला जजध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिन श्रीवास्तव ने सर सैयद अहमद खान की उपलब्धियों को साँझा किया साथ ही राष्ट्रीय लोक अदालत की मंशा बतायी की किस प्रकार तहसील स्तर से शहर में प्रत्येक विभाग में राष्टिये लोक अदालत का आयोजन किया जाता है जहां न्यायलय में लंबित मामलों को सरल से प्रार्थना पत्र के द्वारा बढ़े से बढ़ा मामला तेजी से आपसी सहमति से हल कराया जा सकता है! इसके अतिरिक्त दिन पर दिन पति पत्नी की बीच बढ़ते घरेलू मामलों को चिंता का विषय बताया की किस प्रकार ईगो के कारण वो अपना लगभग एक तिहाई जीवन बर्बाद कर लेते है जबकि इसके कई खुले रास्ते है जिनको अपना कर या अलग होकर जीवन आसान बनाया जा सकता है जिसके लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की निःशुल्क मद्द ली जा सकती है! विशिष्ठ अतिथि डायरेक्टर यूजीसीध्एमएमटिटिसी असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर फाइजा अब्बासी ने बताया सर सैयद अहमद खान एक प्रख्यात राजनीतिज्ञ और






महान दूरदर्शी व्यक्ति थे। वे 19वीं सदी के प्रसिद्ध मुस्लिम सुधारक थे उनका सपना था कि समाज और देश को उन्नत बनाया जाए और उन्हें आधुनिक रूप में आगे बढ़ाया जाए। और उनके इस मकसद को सामाजिक संस्था आजाद फाउंडेशन सोसाइटी की युवा टीम बाखूबी अंजाम दे रही है! दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी रोहित कुमार ने समाज के प्रति आजाद फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यो की प्रशंसा की! प्रख्यात लीजेंड म्यूजिशियन जानी फोस्टर ने कार्यक्रम के अंत में एएमयू के मशहूर तराना "ये मेरा चमन ये मेरा चमन,में अपने चमन का बुलबुल हूँ" से एक खूबसूरत समा बाँध दिया!

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जस्टिस इफाकत अली खान,फॉर्मर जज इलाहाबाद हाईकोर्ट को आजाद फाउंडेशन की सचिव शाजिया सिद्दीकी ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया वही मुख्य अतिथि के करकमलों द्वारा























अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिन श्रीवास्तव, डायरेक्टर यूजीसी एमएमएमटिटिसी असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर फाइजा अब्बासी,लीजेंड म्यूजिशियन जानी फोस्टर, फॉर्मर डिस्ट्रिक्ट जज एस.के गुप्ता,कंपनी प्रॉस्टिक्यूटर मिनिस्ट्री ऑफ कारपोरेट अफेयर अरीब अंसारी, बिजनेस इंट्रप्रेनर नादिर जमाल, एमएस सर्जन डाक्टर पी कुमार,एमडी पैथोलॉजी डॉक्टर भारतवर्षण्ये, आर्मी सेवानिवृत्त मेजर सीएल सेनी, सेवानिवृत्त आर्मी कैप्टन सुलेमान, एम डी हाउस करी वरूण चाना, वरिष्ठ फ़िज़ियोथ्रेपिस्ट डॉक्टर आमिर अतिक, सोशल एक्टिविस्ट जफर महमूद, प्रेसिडेंट आजाद फाउंडेशन शाहनीला सिद्दीकी, शक्ति परिवार परामर्श केंद्र डायरेक्टर सूफिया जावेद को विशिष्ट रूप से सम्मानित किया गया!

कार्यक्रम का संचालन आजाद फाउंडेशन की सचिव शाजिया सिद्दीकी व शाइस्ता खान ने किया वोट ऑफ थैंक्स अलीजा ओबैद ने किया!


Sir Syed Meet-2024
Education & Awareness of National Lok Adalat"


Sir Syed Meet-2024
"Vision Educa... wareness of National Lok Adalat"


Meet-2024
of National Lok Adalat"


Meet-2024


Sir Syed Meet-2024


Sir Syed Meet-2024
wareness of National Lok Adalat"



# आदर्श जननायक थे बनारसी दास गुप्ता डॉ अजय गुप्ता




अभिनव अग्रवाल की रिपोर्ट

लखनऊ। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, राजनीतिज्ञ और समाजसेवी बनारसी दास गुप्ता की जयंती पर राजधानी में वैश्य समाज ने उन्हें याद किया। मंगलवार को हजरतगंज के त्रिलोकनाथ रोड स्थित इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन (आईवीएफ) के प्रदेश कार्यालय पर आयोजित पुष्पांजलि समारोह में वक्ताओं ने उन्हें जननायक बताया।

संगठन के प्रदेश महामंत्री डा. अजय गुप्ता ने कहा कि दो बार हरियाणा राज्य के मुख्यमंत्री रहे बनारसी दास जी ने स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ ही सामाजिक, राजनीतिक एवं सार्वजनिक जीवन में शुचिता के आग्रही रहे। समाज को संगठित करने में उनकी महती भूमिका रही। वे हिन्दी भाषा के पक्षधर और यथार्थवादी आदर्श जननायक थे।

दोसर वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कहा कि समाज के पूर्वजों का पुण्य स्मरण हम सभी का कर्तव्य है।

कार्यक्रम संयोजक एवं आईवीएफ के महानगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि बनारसी दास गुप्ता ने राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूत बनाकर देश की प्रगति में अपना बहुमूल्य योगदान दिया था।

कार्यक्रम में संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, प्रदेश मंत्री अल्पना गुप्ता, युवा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष विशाल जायसवाल, महिला इकाई की महानगर अध्यक्ष सुनीता गुप्ता, कंचन गुप्ता, महानगर महामंत्री मनीष गुप्ता, राहुल वर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम में 171 वर कन्याओं का हुआ सामूहिक विवाह संस्कार जनप्रतिनिधियों ने दिया नव दम्पतियों को आशीर्वाद






नजीबाबाद विकासखंड के एडीओ समाज कल्याण अतुल कुमार के नेतृत्व में रायपुर रोड स्थित बैंकेट हॉल में क्षेत्र पंचायत सदस्य ब्रजराज सिंह एडवोकेट, विक्रम सिंह खोबे, वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, मंडल अध्यक्ष जुगनेश कुमार, पूर्व अध्यक्ष मुकुल रंजन दीक्षित, क्षेत्रीय मंत्री राष्ट्रीय लोक दल हरेंद्र तोमर, प्रधान संघ के अध्यक्ष प्रशांत कुमार, जिला पंचायत सदस्य अमर सिंह, एड फहीम अहमद भीम आर्मी,उप सभापति गन्ना समिति राजपूत की उपस्थिति में मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में शांतिकुंज हरिद्वार की गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद की टीम ने विवाह संस्कार कराए इस अवसर पर सभी अतिथियों ने देव माता गायत्री के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस अवसर पर उपस्थित वर कन्याओं, उनके परिजनों, अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए एड ब्रजराज सिंह ने कहा कि यह प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसका लाभ समाज में निर्धन कन्याओं को के परिवारों को प्राप्त हो रहा है यह सरकार की एक बहुत अच्छी योजना है उन्होंने विकासखंड के सभी अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्र में निवास कर रहे उन ऐसे निर्धन परिवारों को चिन्हित कर इस योजना का लाभ दिलाने का आह्वान किया जो वास्तव में इसके पात्र हैं अपने संबोधन में वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के आधार पर अनेक जन उपयोगी योजनाएं चलाकर जनता के उत्थान के कार्य कर रही है जिसका एक उदाहरण आज नजीबाबाद में 171 वर कन्याओं का विवाह है इसमें 33 वर कन्याओं का विवाह मुस्लिम रीति से तथा शेष का हिन्दू सनातन रीति से कराया गया उन्होंने सभी से कहा कि जिस प्रकार हमारी सरकार अपनी योजनाओं में सबको बिना किसी भेदभाव के सुविधा उपलब्ध करा रही है इस प्रकार आम जनता को भी माननीय मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद प्रेषित करना चाहिए अपने संबोधन में भाजपा नेता और सदस्य क्षेत्र पंचायत विक्रम सिंह खोवे ने कहा कि पूर्व समय में आर्थिक रूप से कमजोर माता-पिता को अपनी पुत्री के शादी विवाह करने में भारी समस्या आती थी जिसको देखते हुए हमारी सरकार ने यह योजना चलाई है यह सरकार की बहुत महत्वपूर्ण योजना है सभी को इस योजना का लाभ उठाना चाहिए पूर्व अध्यक्ष मुकुल रंजन दीक्षित ने सभी व कन्याओं को उनके दांपत्य जीवन की शुभकामना प्रेषित करते हुए सरकार का अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया जनेश्वर सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी बिजनौर ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार समाज कल्याण विभाग के माध्यम से अनेकों योजनाएं चल रही है तथा हम बिना किसी भेदभाव के सरकार की योजनाओं को धरातल तक ले जाने का प्रयास कर रहे हैं उन्होंने सफल कार्यक्रम के लिए एडीओ पंचायत समाज कल्याण अतुल कुमार एवं उनकी टीम को बधाई देते हुए कहा कि इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए खंड विकास अधिकारी नजीबाबाद ओमवीर सिंह ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों भर कन्याओं एवं उनके परिजनों को का धन्यवाद और आभार प्रकट किया उन्होंने कहा कि खंड विकास कार्यालय में हर समय वे सरकार की योजनाओं को का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है व कन्याओं को सभी अतिथियों के द्वारा सरकार से दिए जाने वाले उपहार भेंट किए गए उनके विवाह के अवसर पर उन्हें पुष्प कुछ देकर तथा वर कन्याओं पर पुष्प वर्षा करके सरकार की ओर से उनका उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, विक्रम सिंह खोवे,मंडल अध्यक्ष जुगनेश कुमार,संकोच कुमार , ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अतुल भारती, नीरज शर्मा, हरिओम गौड, विवेक कुमार, राकेश कुमार, महेंद्र सिंह,भारत सिंह,रफत गजाला, अबरार अहमद, इरफान खान, फहीम अहमद, एडीओ कृषि विकास कुमार, करतार सिंह राठी, ग्राम प्रधान धीर सिंह, पूर्व चेयरमैन सुनील खाईखेडी, सोनू आदित्य, रघुनाथ सिंह,मा शूरवीर सिंह, अर्पण कुमार, मौ राशिद सुखवीर सिंह, भजनलाल लाठीपुरा आदि उपस्थित रहे






# बलवंत सिंह पवार बनें उत्तर प्रदेश बुक्सा आदिम जनजाति उत्थान समिति बिजनौर जिला अध्यक्ष

बिजनौर/नगीना : जनपद बिजनौर की तहसील नगीना में स्थित ग्राम ढकिया बावन सराय में अशोक गृथाल की अध्यक्षता व वीरेंद्र कुमार के कुशल संचालन में बुक्सा जनजाति समाज की बैठक का आयोजन किया गया बैठक में समाज व बुक्सा आदिम जनजाति उत्थान समिति की सहमति से 36 वर्ष पुलिस में उत्तर प्रदेश में उत्तराखंड दो राज्यों में सेवा देकर आऐ रिटायर सब इंस्पेक्टर बलवंत सिंह पवार को जनपद बिजनौर का अध्यक्ष चुना गया बलवंत सिंह पवार ने समाज का आभार व्यक्त किया और समाज के लिए हर वक्त कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने एवं समाज की हर समस्या को समाधान कराने का अश्वासन दिया साथ ही साथ नवनियुक्त जिला अध्यक्ष बलवंत सिंह पवार ने जिले की कमेटी भी घोषित की जिसमें जिला उपाध्यक्ष श्री छोटेलाल सचिव राजू सिंह उर्फ गुड्डू संरक्षक वीर सिंह सचिव नैन सिंह खेल सचिव दीपक सिंह सांस्कृतिक सचिव राकेश सिंह ऑडिटर श्रीमती पुष्पा देवी सलाहकार श्रीमती सीमा देवी सलाहकार रजनी देवी सलाहकार श्रीमती उषा देवी मीडिया प्रभारी टीकम सिंह सदस्य ईश्वर सिंह सदस्य मदन सिंह सदस्य दिनेश कुमार सदस्य वीर सिंह उपाध्यक्ष श्रीमती गुड्डी देवी कोषाध्यक्ष छोटे सिंह मुख्य संरक्षक हुकम सिंह कमेटी में शामिल रहे



# 78 वर्षीय अली औसत ने पूरी की 400वी नोचंदी जुमेरात


नजीबाबाद, विश्व प्रसिद्ध दरगाह ए आलिया नजफ- ए- हिन्द पर होने वाली प्रसिद्ध नोचंदी जुमेरात को बेहड़ा सादात मुजफ्फरनगर निवासी 78 वर्षीय पूर्व प्रधान अली औसत 33 वर्ष 4 माह से लगातार दरगाह पहुंच कर जियारत करते आरहे है

उनका कहना है जब से मैंने दरगाह पर होने वाली नोचंदी जुमेरात को जाना आरम्भ किया है मैंने किसी भी मौसम में या कैसा भी माहौल रहा हो दरगाह पर इस जुमेरात को पहुंचना नहीं छोड़ा है और जब तक शरीर में जान रहेगी हर नोचदी जुमेरात पर मौला की बारगाह पर हाजरी देत्ता रहूँगा। ज्ञात रहे अभी तक किसी भी श्रद्धालु ने दोसो या ढाई सो से अधिक नोचांदी जुमेरात नहीं की, तभी तो सभी लोग उनके इस जज़्बे को सलाम कर रहे हँ और उनके लीये दुआ कर रहे है।





Class 7th Student, Scored 4th Position In Innovision Competition For Class 11 & 12th




Christ University Lavasa, Organised Innovision Competition For Class 11th And 12th Students But Rudraksh Singh From Class 7th Student Of Suryadutta National School Pune, Also Submitted His Project With His Partner Anubhav Pawar, Student Of Cp Goenka School Pune

Judges Took Their Entry As Because Of Their Amazing Work And Projection

Their Team Cleared First Round And Second Round And Selected In Top 8 Finalist Out Of 40 Teams Participated In Total

16th Nov 2024 , On The World Idea Day 2024

In Lavasa Christ University Campus, They Presented The Project Infront Of All Four Judges And Had Question Answer Round Very Well !

And Now Rudraksh And Anubhav Are Holding 4th Position With Cash Prize

Rudraksh Singh Is The Only One Who Is From Class 7th Among All Class 12th Students!

All Judges And Organisers Prased His Team And Mentor Kunal Zarekar And Swarnima Zarekar !

Program Was Organzied Under The Supervision Of Dr. Liza Thomas And Tiny Palthera Madam From Christ University












# रोटरी क्लब गाजियाबाद सफायर के द्वारा ९ नवम्बर कोअग्रसेन वाटिका में भंडारा आयोजित किया गया

## इसी दौरान दो व्हील चेयर भी दान की ।

एक श्री जगन्नाथ धर्मार्थ कैंसर अस्पताल  के लियऔर एक विकलांग बच्चे को |इसमें क्लब अध्यक्ष अलका सिंघल सचिव रिंकी अग्रवाल कोषाध्यक्ष सुनीता अग्रवाल क्लब ट्रेनर अन्नू गर्ग के साथ निशागर्ग, अराधना,मोनागर्ग,आशिमागोयल सारिकागोयल,अलका गर्ग ,किरण आदि क्लब मेम्बर मोजूद थे

# सराहनीय पहल 22रू समाजसेवियों ने अपनी नेक कमाई से 120 जरूरतमंद विद्यार्थियों को वितरित की स्वेटर







झज्जर : जिला मुख्यालय के अंतिम छोर पर बसे वीरों की देवभूमि कहे जाने वाले गांव धारौली की सामाजिक संस्था मां-मातृभूमि सेवा समिति द्वारा किसी के चेहरे पे मुस्कान बिखेरने से जो सकून और खुशी मिलती है, वो सकून और खुशी किसी जन्नत से कम नहीं होती है को ध्यान में रखते हुए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गांव अंबोली, जिला झज्जर के 120 जरूरतमंद विद्यार्थियों को आयोजित वस्त्र समर्पण सेवा कार्यक्रम में निःशुल्क स्वेटर वितरण की गई ८ स्वेटर पाकर सभी विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

समाजसेवी एवं शिक्षाविद् माननीय चेयरमैन सुखबीर जाखड़ ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे पधारे अपने संबोधन में चेयरमैन सुखबीर जाखड़ ने विद्यार्थियों की हर क्षेत्र में सफलता की कामना करते हुए भविष्य में कड़ी मेहनत के लिए प्रेरित किया। शिक्षाविद जोगिंद्र यादव, डायरेक्टर, मेडी-जेईई करियर इंस्टीट्यूट, कोसली और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित मंजीत सिंह अम्बोली निवासी, प्रो. श्री हँस बैग हाउस, कोसली के पिता श्री बलबीर सिंह ने कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। अपने संबोधन मे शिक्षाविद जोगिंद्र यादव ने कहा कि शास्त्रों व विद्वानों का भी कहना है कि मनुष्य को अपनी नेक कमाई से कुछ अंश सामाजिक कामों और जरूरतमंदों की भलाई में खर्च करना चाहिए माननीय राजेश यादव, प्रिंसिपल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गांव अंबोली ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की प्रिंसिपल ने मां-मातृभूमि सेवा समिति की विद्यार्थियों को निःशुल्क स्वेटर वितरण करने की अनूठी पहल की भूरी भूरी प्रशंसा की। समाजसेवी व शिक्षक डॉ. महावीर सिंह ने अपने जोशीले शब्दों से कुशलतापूर्वक मंच का संचालन करके वस्त्र समर्पण सेवा कार्यक्रम को यादगार बना दिया 21 बार रक्तदान कर चुके युद्धवीर सिंह लांबा, अध्यक्ष, मां-मातृभूमि सेवा समिति, वीरों की देवभूमि धारौली ने बताया कि 1.माननीय सुखबीर जाखड़, चेयरमैन, रिलायंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स 2.शिक्षा के साथ साथ सामाजिक सरोकार का दायित्व भी बेखुबी निभा रहे मास्टर हरबीर मल्हान गिरधरपुर निवासी 3.पर्यावरण संरक्षण को समर्पित मंजीत सिंह, प्रो. श्री हँस बैग हाउस, कोसली 4.युद्धवीर सिंह लांबा,वीरों की देवभूमि धारौली 5. धर्मेंद्र यादव, मेडी-जेईई करियर इंस्टीट्यूट कोसली 6.समाजसेवी सागर यादव, (फिजिकल ट्रेनर ऑफ इंडियन नेवी) रेलवे स्टेशन कोसली 7.हरियाणा सरकार में जूनियर इंजीनियर अजय मलिक, खानपुर कलां, सोनीपत 8.ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल, बहादुरगढ़ और नवजीवन हॉस्पिटल, मॉडल टाउन रोहतक के मैनेजर विक्रांत शर्मा 9.धारौली निवासी नवीन लांबा सुपुत्र स्व. मांगे राम 10.असिस्टेंट टैक्सेशन ऑफीसर के पद पर कार्यरत, संजीव घणघस, गाँव जताई, भिवानी 11.कोसली रेलवे स्टेशन में नाहड रोड पर श्सोनू मोटर वाइंडिंग सेंटरश प्रो. सोनू कुमार धारौली 12. सरकारी बैंक में कार्यरत इंजीनियर अजय जांगड़ा भिवानी 13. प्रेमसुख कुमार, प्रो., बिट्टू स्कूल ड्रेस, कोसली 14.इंजीनियर अमित दांगी, गांव मदीना, रोहतक 15.रक्तदानी नितेश भौरिया, प्रो.अर्बन युवा रेडीमेड स्टोर, कोसली में कपड़ों की मशहूर दुकान 16.झज्जर निवासी श्री नरसिंह, सरकारी बैंक में कार्यरत 17.कोसली गांव के कमला मेडिकल स्टोर के प्रो.विक्रम यादव 18.कृष्ण सिंह, असिस्टेंट रजिस्ट्रार पद पर कार्यरत 19.मास्टर रोहित यादव, कोसली निवासी 20.श्रीमती अनार बाला, सामाजिक कार्यकर्ता कोसली 21.शिक्षाविद मास्टर पवन कुमार, गांव धनीरवास झज्जर निवासी 22.असिस्टेंट प्रोफेसर व करियर काउंसलर यशपाल चोपड़ा, बहादुरगढ़ निवासी आदि समाजसेवियों व शिक्षाविदों ने अपनी ईमानदारी व कड़ी मेहनत से कमाया नेक धन से कार्यक्रम के सफल आयोजन मे सहयोग दिया ।





नजीबाबाद.... वंदे भारत ट्रेन के स्टॉपेज के लिए गढ़वाल के सांसद अनिल बलूनी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है।

आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में गढ़वाल के सांसद अनिल बलूनी को भी पत्र लिखकर अवगत कराया था

कि अगर देहरादून से लखनऊ को जाने वाली वंदे भारत ट्रेन का स्टॉपेज नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर कर दिया जाए तो इसका फायदा गढ़वाल की जनता के साथ-साथ नजीबाबाद के लोगों को भी मिलेगा इसी परिपेक्ष में पौड़ी गढ़वाल के सांसद अनिल बलूनी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को लिखे एक पत्र में कहा कि लखनऊ देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस 22545 व 22546 उत्तर प्रदेश के लखनऊ शहर को उत्तराखंड की राजधानी देहरादून से जोड़ती है और वर्तमान में इसका स्टॉपेज बरेली मुरादाबाद और हरिद्वार में है। मुरादाबाद के बाद ट्रेन नॉनस्टॉप 166 किमी की दूरी तय कर सीधे हरिद्वार में रूकती है अगर मुरादाबाद के बाद वंदे भारत का दो मिनट का स्टॉपेज नजीबाबाद स्टेशन पर भी रखा जाय ताकि गढ़वाल सहित आसपास के पहाड़ में रहने वालों को देहरादून या लखनऊ आने-जाने में सहूलियत हो।इससे गढ़वाल और आसपास के लोगों को काफी फायदा होगा।

## नजीबाबाद... जनपद के विभिन्न राजकीय इंटर कॉलेज में एनसीसी स्थापना के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक ने समस्त इंटर कॉलेज को पत्र लिखा है।

आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में शासन को भेजें एक पत्र में अवगत कराया था कि जनपद बिजनौर के कई राजकीय इंटर कॉलेज में एनसीसी की स्थापना नही है इस कारण छात्रों को भविष्य में जो लाभ एनसीसी की एवज मैं समय-समय पर मिलता है वह नहीं मिल पाता है और वह सुरक्षा बलों सहित अन्य सरकारी सेवाओं में अतिरिक्त लाभ से वंचित रह जाते हैं और अगर इन कॉलेज में एनसीसी की स्थापना कर दी जाए तो भविष्य में छात्रों को काफी लाभ मिल सकता है

उधर इस संबंध में संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वादश मंडल मुरादाबाद ने जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर से रिपोर्ट मांगी जिस पर जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरन यादव ने इस संबंध में जनपद के विभिन्न राजकीय इंटर कॉलेज को भेजें एक पत्र में कहा कि जिन राजकीय विद्यालयो में एन०सी०सी० की शाखा संचालित नहीं है, वह एन०सी०सी० की शाखा स्थापना के लिये प्रस्ताव समस्त दस्तावेज सहित अधिकतम 2 दिवस के भीतर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे और कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये ।

NCC
एकता और अनुशासन

नजीबाबाद - भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत जिलाध्यक्ष चोधरी सुखविंदर सिंह के आदेश अनुसार और युवा जिलाध्यक्ष चोधरी नीरज चाहल की संस्तुति पर जिला महासचिव विकास चौधरी और जिला महामंत्री जितेंद्र हुड्डा जी के द्वारा संगठन विस्तार प्रोग्राम के अंतर्गत विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गई

1.चौधरी यशवर्द्धन -(फतोलैपुर)--जिला उपाध्यक्ष युवा
2. तुषार चौधरी (शेखपुर गढ़ू)-तहसील अध्यक्ष युवा
3. .रजत अग्रवाल (गजरौला पाईमार) तहसील उपाध्यक्ष
4. शैखर यादव (तिरूपति बालाजी कलोनी) नजीबाबाद -तहसील मंत्री युवा मोर्चा
5. विशाल चौधरी (सादात पुर)--तहसील प्रचार मंत्री
6. व्योम कौशिक (मोहल्ला बालक राम) तहसील संयोजक युवा मोर्चा
7. हर्षित चौधरी (गडीकपुरा)-ब्लाक अध्यक्ष युवा मोर्चा
8. विशांत राणा(सौफत पुर)-ब्लाक उपाध्यक्ष
9. अरूण अग्रवाल (पाई मार गजरौला)-ब्लाक सचिव




इस अवसर पर जिला महासचिव विकास चौधरी (कमलेश्वर सिंह) ने कहा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी और तन-मन से संगठन के लिए समर्पित होने का आह्वान किया,वहीं जिला महामंत्री जितेंद्र हुड्डा ने कहा कि पद पाकर अपने आपको गोरवान्वित होना उचित है,पर अहंकारी होना हमारे पतन की शुरूआत है, इस लिए अपने पद का सदुपयोग करें और निर्र्थक धौंस जमाने के लिए कभी भी अपनी उपलब्धी का उपयोग नकरें, और पद की गरिमा बनाए रखें ।





# श्याम जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया

# एक शाम खाटू वाले के नाम



12 नवंबर को श्याम जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया सभी श्याम प्रेमी मस्ती मंत्रमुग्ध होकर नाचें,गाए और झूमें सभी खाटू श्याम भक्तों के साथ से मिलकर एक संकल्प आयोजन निवेदक अनिल अरोड़ा उप-संपादक,राष्ट्रीय ब्रांड एंबेसडर निदेशक चेतन एडवरटाइजिंग एवं विकास भारद्वाज संस्थापक हम सेवक श्याम द्वारा नई दिल्ली द्वारका द्वारका सेक्टर 19,अंबराई गांव बीती सुहावनी एक शाम 12 नवंबर दिन मंगलवार को एक शाम खाटू वाले के नाम द्वारका सेक्टर 19 अंबराई गांव बना खाटू की नगरी श्याम जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर सभीश्याम प्रेमी मंत्र मुग्ध मस्ती मे नाचें,गाऐ और झूमें सभी श्याम प्रेमी पहुंचें श्याम दरबार मे मुख्य अतिथि पश्चिमी दिल्ली के लोकप्रिय भाजपा नेता श्याम प्रेमी कृष्ण कुमार सहरावत मटियाला विधानसभा, पुष्पा सूर्यवंशी,पूनम सैनी, डॉ ज्योति सैनी, राजेश राठी, कुमकुम, शशि रंजन, प्रवीण शर्मा, डॉ अजय सिंह पुंडीर, देश सेवक हीरा अमित रोहिल्ला फाउंडर मिट्टी की खुशबू राष्ट्र मुहिम ए फाउंडेशन ट्रस्ट गुरुग्राम का कहना है आज एक संकल्प दिलाया की पर्यावरण के रक्षक बने, कुम्हार मित्र बने और मिट्टी से बने सामान खरीदे और उपहार स्वरूप दे जूट बैग से बनी पोटली में प्रसाद दिया गया और सभी को सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्प के तौर पर प्लास्टिक से बनी चीजें उपयोग में जीवन शैली में काम उपयोग करे और स्वस्थ जीवन निरोग काया जिए , समाज सेवक शिक्षाविद प्रवीण गौड, रेणु गौड , शिक्षाविद डॉ योगी वत्स,सविता वत्स, श्याम प्रेमी संजय मित्तल,योगिता जी, सतीश शर्मा श्याम निशान वाले,संध्या सिंह, विनीत यादव,सचिन अरोड़ा, गौरव अरोड़ा, साध्वी संतोष, सचिन गोयल, समाज सेवक किरणसंजय राठी, समाज सेविका नेहा, सुमित्रा, डॉ विनोद कात्याल,रितु डोगरा, सुनील मलिक,रंजन भारती, आशा यादव, अंजू शर्मा,शिल्पी बहादुर, अंजलि कैश ,श्वेता चुघ, लक्ष्मी शर्मा, संगीता शर्मा, मनीषा सक्सेना, अनिता सिंह, विक्रम सिंह, बबली सफाया,सचिन अरोड़ा, गौरव अरोड़ा, साध्वी संतोष, सचिन गोयल आदि सभी श्याम प्रेमी भक्त आयोजक - अनिल अरोड़ा का कहना है मेरी मुस्कुराहट की वजह तू है बाबा, तेरी कृपा का कोई मोल नहीं,विकास भारद्वाज, मनोज कुमार, भजन गयिका तरणजीत कौर अन्य सभी गणमान्य जनों की उपस्थिति कार्यक्रम शुरू से अंत तक बनी रही सांवरे अगर तेरा सहारा ना होता, तो सुन्दर संसार हमारा ना होता, ...

पूरी नहीं होती उनकी मुरादें जो साथ आया अंहकार के।...

हे मेरे बाबा, रूठना मत कभी हमसे, आशा यादव एक्ट्रेस समाज सेविका जी का कहना है की श्याम तेरी मूरत मोहिनी खींचे मन तेरी ओरमेरा मन तेरा हो गया मेरा चले ना इस पर जोर,

मेरी तकदीर के मालिक,मेरी तकदीर तो तुम हो।आगे भी ऐसे आयोजन निस्वार्थ भाव से भक्तिमय माहौल को जन जन के साथ मिलकर करते रहेंगे , हारे के सहारे खाटू श्याम बाबा जी की जय हो। ||जय श्री श्याम||




# होप सोसायटी की तरफ से ब्रिलियंट चिल्ड्रन अकेडमी में मौलाना अबुल कलाम आजाद साहब का जन्मदिन मनाया

होप सोसायटी की तरफ से आज ब्रिलियंट चिल्ड्रन अकेडमी नजीबाबाद में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद साहब के जन्मदिन के अवसर पर मनाया गया।

जिसमे नगर के कई समाजसेवी व शिक्षा से जुड़े गणमान्य लोगों ने शिरकत की। कमर अख्तर के संचालन में ब्रिलियंट स्कूल के छात्र मुहम्मद हस्सान ने कुरान शरीफ की तिलावत की ओर कारी अतहर ने नात पढ़ी। इस मौके पर होप सोसायटी के जिम्मेदार मोइनुद्दीन ने मौलाना अबुल कलाम साहब के जीवन का संक्षिप्त परिचय कराया बताया कि मौलाना आजाद एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शायर, मौलवी, और हिंदुस्तान के पहले शिक्षा मंत्री रहे। मौलान सलमान नदवी ने बच्चों को एक अच्छा लीडर बन कर कौम की खिदमत करने के लिए कहा। मंजूर हुसैन ने कहा कि होप सोसायटी शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही हैं इस तरह के प्रोग्राम से बच्चों को मुल्क और कौम के रहनुमाओ के बारे में जानकारी मिलती है। ब्रिलियंट स्कूल के मैनेजर हाफिज शारिक ने बच्चों को उच्च शिक्षा हासिल करने पर जोर दिया। इस दौरान ब्रिलियंट स्कूल के छात्र छात्राओं का भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें स्कूल के बच्चों ने मौलाना अबुल कलाम आजाद साहब के जीवन पर तकरीर की जिसमे कक्षा 8 के मुहम्मद हस्सान ने प्रथम, कक्षा 2 की आफीफा ने द्वितीय, कक्षा 7 की जैना ने तृतीय अनम व हमजा ने चतुर्थ पमचं स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर कोतवाली ब्लॉक के बेसिक शिक्षा विभाग के ।त्त डॉ मोहम्मद रिजवान मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम का समापन कारी अरशद जावेद ने दुआ करा कर किया।

एक अवसर पर डॉ शेहला अंजुम, मुहम्मद हसनैन, मौलाना आतिक, अवैस खान, मौ तनसीर, एहतेशाम निजामी, उबैद अहमद, अशहब फातिमा, मरयम, आदि मौजूद रहे।



# सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन









बिजनौर : सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस में किया गया पार्टी के जिला सदस्यता प्रभारी रणवीर सिंह निराला एवं जिला अध्यक्ष अशोक राठौड़ ने पार्टी में जुड़े नए लोगों को नियुक्ति पत्र बांटे और पार्टी का पटका व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर जी की विचारधाराओं व नीतियों को आगे बढ़ने का आह्वान किया एवं नेताजी के विचारधाराओं के बारे में बताते हुए सदस्यता प्रभारी रणवीर सिंह निराला ने ज्यादा से ज्यादा पार्टी में जुड़ने के लिए लोगों से आवाहन किया बैठक में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष बलवंत सिंह पंवार एवं अधिवक्ता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष आसिफ हुसैन एडवोकेट को नियुक्ति पत्र देकर जिला सदस्यता प्रभारी रणवीर सिंह निराला एवं जिला अध्यक्ष अशोक राठौड़ ने सम्मानित किया बैठक में महिला मोर्चा की जिला मीडिया प्रभारी सपना वर्मा प्रदेश कार्यकारिणी डॉक्टर सविता शर्मा गीता कश्यप रेनू शर्मा उषा देवी जिला मीडिया प्रभारी लोकेंद्र सिंह जिला प्रमुख महासचिव चंद्रवीर आवास संगठन मंत्री रूपेंद्र सिंह वीरेंद्र ठाकुर खगेश शर्मा राजपाल गुर्जर सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे



# दुश्मनों के घर भी जाना चाहिए ....

## देहली से आये मशहूर शायर शहादत अली निजामी के एजाज में महफिल ए मुशायरे का आयोजन

## शायरो ने उम्दा कलाम पेश कर खूब वाहवाही लूटी

नजीबाबाद। अदबी संस्था बज्म ए जिगर नजीबाबाद ओर से देहली से आये उर्दू के मशहूर शायर शायर शहादत अली निजामी के एजाज में हुआ महफिल ए मुशायरे का आयोजन। शायरो ने उम्दा कलाम पेश कर खूब वाहवाही लूटी।

रविवार की रात्रि में नगर के मौहल्ला मेहंदीबाग में शायर डाक्टर रईस अहमद भारती के आवास पर देहली से तशरीफ लाये मेहमान शायर शहादत अली निजामी के एजाज में एक खूबसूरत महफिल ए मुशायरे का आयोजन अदबी संस्था बज्म ए जिगर नजीबाबाद ओर से किया गया। जिस में शायरो ने उम्दा कलाम पेश कर खूब दाद हासिल की। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शायर मौसूफ अहमद वासिफ ने कहा कि उर्दू बहुत मीठी, प्यारी दिलो को जोड़ने वाली जबान है। उर्दू जहाँ हमें बोल चाल का सलीका सिखाती है वहीं इंसान में शऊर पैदा करती है। हमें इस जुबान की हिफाजत करनी हैं।

महफिल ए मुशायरे का आगाज अकरम जलालाबादी ने अपनी खूबसूरत नात ए रसूल ए पाक से कुछ यूं किया......एक महबूब ए रब के आने से, कुफ्र मिट मिटने लगा जमाने से।

बुजुर्ग शायर शकील अहमद वफा जलालाबादी ने गजल के दौर का आगाज करते हुए कहा.....है जश्न ये शकील उसी जाद के लिए, जिस से अदब मिला है हमे शायरी बीच। नौजवान शायर सूफीयान मुल्तानी ने कहा.....सूफीयान रब के इस खजाने में और भी करिश्मे है, सिर्फ इस समंदर में मछलियाँ नही होती। बेहतरीन शायरी और तरन्नुम के मालिक शायर आसिफ मिर्जा ने गजल के साथ साथ एक खूबसूरत गीत सुना कर समा बांध दिया। गजल सुना कर उन्होने कहा....टूटने का कोई इम्कान कहाँ रक्खा है दिल में इस वास्ते अरमान कहाँ रक्खा है। तरन्नुम के उम्दा शायर महफिल ए मुशायरा कनवीनर शायर शादाब जफर शादाब ने गजल पेश करते हुए कह,....... हुक्म ए रब्बी है अयादत के लिए,दुश्मनों के घर भी जाना चाहिए। महफिल ए मुशायरे की खूबसूरत निजामत कर रहे शायर डाक्टर तैय्यब जमाल ने कहा......दिल का फसाना सब को सुनाऊ ये बच्चो का खेल नही, उस की मौहब्बत इश्क ए इबादत सिर्फ दिलो का मेल नही।




खूबसूरत तरन्नुम और खूबसूरत शायर अकरम जलालाबादी ने गजल पेश करते हुए कहा..... आज एक नगमा मौहब्बत का सुनाऊ मैं भी, इश्क क्या शह है जमाने को बताऊ मैं भी। देहली से आये मेहमान शायर शहादत अली निजामी को दिल खोल कर सुना गया उन्होने कहा ..... सभी होते नही इकबाल जैसे गुल गुलिस्ताँ में, बडी मुश्किल से होता है चमन में दीदावर पैदा। मेजबान और उस्ताद शायर डाक्टर रईस अहमद भारती ने कहा.... ऐ रईस आज के हालात पर रखनी है नजर, भोली सूरत से बहुत आस लगा रखी है। मुशायरे की सदारत कर रहे मौसूफ अहमद वासिफ ने कहा..... खूबसूरत बहुत आप है शह्र में घूमना छोड दो, खुद नजर अपनी लग जायेगी आईना देखना छोड़ दो।

**मुशायरे में मशहूर सहाफी मरगूब हुसैन नासिर, अदीब शादाब, शादाब खान, मौहम्मद इरफान मंजूरी, महबूब आलम, शान खान, शमीम, अली आदि लोग मौजूद रहे।**

**मुशायरे की सदारत शायर मौसूफ अहमद वासिफ ने की व निजामत के फराईज शायर डाक्टर तैय्यब ने अदा किये।**





## अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के द्वारा ग्रामीण नगर इकाई का गठन किया

# अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति ग्रामीण नगर इकाई के नगर अध्यक्ष बने अब्दुल रहमान अल्वी





मंडावली। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के द्वारा ग्रामीण नगर इकाई का गठन किया गया नगर अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराया गयाभागुवाला में शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मंडावली नांगल ग्रामीण नगर इकाई का गठन सर्व सम्मति से किया गया जिसमें मंडावली क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल रहमान अल्वी को नगर अध्यक्ष के रूप में चुना गया और मोहित कर्णवाल को महामंत्री व रईस अहमद को कोषाध्यक्ष बनाया गया है वहीं वरिष्ठ पत्रकार महावीर सिंह राजपूत को संरक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। इस दौरान जिलाध्यक्ष हाशिम अहमद ने सभी पदाधिकारियों को गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया इस दौरान जिलाध्यक्ष हाशिम अहमद ने कहा कि अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति देश भर के 22 राज्यों में पत्रकारों के हक की लड़ाई लड़ रही है संगठन का मेन उद्देश्य पत्रकार सुरक्षा कानून लागू कराना है सभी साथी इसको लेकर संघर्ष कर रहे हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष हाशिम अहमद , जिला महासचिव अफजाल अंसारी को ग्रामीण नगर इकाई की ओर से सम्मानित किया गया।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष हाशिम अहमद, जिला महासचिव अफजाल अंसारी , नगर अध्यक्ष नजीबाबाद नौशाद सैफी , नगर महा मंत्री मयंक कश्यप , जिला प्रवक्ता शाही अराफात सैफी , सुहेल राजू , शमीम सिद्दीकी , अशरफ अली , अरविंद कुमार , नईम अहमद , राजवीर सिंह , डॉ मुसिफुल हक , मुस्तकीम अहमद , पीएस राठी , मुकेश कुमार, जकी मलिक , आदि मौजूद रहे




अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति
के मण्डावली नांगल के
नगर अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह
में आपका स्वागत है।


भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति
के मण्डावली नांगल के
अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह
में आपका
स्वागत है।



# फ्लाईओवर ब्रिज में जीने के निर्माण हेतू क्षेत्र की चेयरमेन के अलावा ग्राम प्रधान ने यूपी सेतु निगम के दावे को नकारा





नजीबाबाद...फ्लाईओवर ब्रिज में जीने के निर्माण हेतू क्षेत्र की चेयरमेन के अलावा ग्राम प्रधान ने यूपी सेतु निगम के उस दावे को नकार दिया है जिसमें निगम ने अतिक्रमण और क्षेत्रीय विरोध की बात कही है।

आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में शासन को भेजी एक शिकायत में रेलवे क्रॉसिंग संख्या 484 जलालाबाद में मौजूद फ्लाईओवर ब्रिज में पैसा होने के बाबजूद एक सिरे से दूसरे सिरे को जाने के लिए जीने निर्माण न होने की शिकायत की थी जिसके परिपेक्ष मे उत्तर प्रदेश सेतु निर्माण इकाई मुरादाबाद के उप परियोजना प्रबंधक और उत्तर प्रदेश सेतु निगम बरेली इकाई के महाप्रबंधक ने जिलाधिकारी बिजनौर को संयुक्त रूप से एक पत्र में कहा कि क्षेत्र की जनता के विरोध और अतिक्रमण के कारण पूर्व में जीने का निर्माण नहीं हो सका था इसके बाद आरटीआई कार्यकर्ता ने जिलाधिकारी बिजनौर अंकित अग्रवाल से मिलकर अतिक्रमण के संबंध में जॉच की मांग की जिसके परिपेक्ष में नगर पंचायत जलालाबाद के अधिशासी अधिकारी अनूप कुमार रावत ने जिलाधिकारी बिजनौर को भेजी रिपोर्ट में कहां की जीने के निर्माण के स्थान पर किसी प्रकार का कोई अतिक्रमण नहीं है इसके अलावा नगर पंचायत जलालाबाद की अध्यक्ष रूमाना तथा ग्राम पंचायत राहूखेड़ी कोरा की ग्राम प्रधान रोजीना सालिम ने भी सेतु निगम के उच्च अधिकारियों को भेजे एक पत्र में जीने के निर्माण का किसी भी प्रकार का कोई विरोध न होने और अतिक्रमण न होने की बात कही है आपको बता दें कि उक्त जीने का एक हिस्सा नगर पंचायत जलालाबाद में और एक हिस्सा ग्राम पंचायत राहूखेड़ी कोरा में बनेगा।

# कार्यकर्ता आधारित राजनीतिक दल है भाजपा- चौधरी ईशम सिंह





नजीबाबाद : भारतीय जनता पार्टी नजीबाबाद के भागूवाला मंडल के ग्राम पंचायत खलीलपुर में बूथ अध्यक्ष सुनील कुमार चौहान के आवास पर उन्हीं की अध्यक्षता एवं शक्ति केंद्र संयोजक डॉ मयंक कुमार के संचालन में शक्ति केंद्र के सभी 9 बूथों की समितियां की बैठक आयोजित की गई बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता एवं शक्ति केंद्र के पार्टी संगठन चुनाव प्रमुख चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता आधारित राजनीतिक दल है भारतीय जनता पार्टी भारतीय जनता पार्टी में बूथ अध्यक्ष पद पर कार्य करने वाला व्यक्ति ही संगठन में उच्च पदों पर कार्य करता है शेष ऐसा कोई राजनीतिक दल नहीं है जिसमें कोई ऐसा कैडर हो कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी में परिवार वाद हावी है जबकि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है उन्होंने शक्ति केंद्र विजयपुर के समस्त नौ बूथो पर बूथ अध्यक्ष एवं उनकी कमेटी तथा पन्ना प्रमुख बनने हेतु सभी प्रमुख कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श किया तथा आगामी एक-दो दिन में बूथ कमेटी गठित करने का आह्वान किया इस अवसर पर भागूवाला मंडल के विजयपुर शक्ति केंद्र की बैठक में चौधरी ईशम सिंह,पूर्व ग्राम प्रधान बूथ अध्यक्ष हितेश राजपूत जी, शक्ति केंद्र संयोजक डा मयंक चौहान,बूथ अध्यक्ष अलीपुरा ओमप्रकाश शर्मा, सुनील कुमार चौहान,अंकुश वाल्मीकि,प्रियंक कुमार,लक्ष्मी देवी,श्रवण कुमार,संजय कुमार,सीमा देवी,डा नरेश सिंह,आदि उपस्थित रहे


PEACE AND HUMANITY
DIPLOMATIC MISSION GLOBAL DIPLOMACY
WE GLAD TO INVITE YOU
MR.RIZWAN ANSARI (MEDIA AWARD)
UNITED NATIONS
16th December 2024
YB Chavan Auditorium, Mumbai
WORLD HUMAN RIGHTS DAY
वसुधैव कुटूम्बकम
GPC
GLOBAL PEACE CONCLAVE 2024
dioplomaticmissionglobalpeace@gmail.com
8452977704
FMBAF
NICHE
MAGAZINE


PB EVENTS PRESENTS
KIDS & TEEN
Fashion Show
Zoya Afroz
Bollywood Celebrity
CELEBRITY GUEST
Rihan Ansari
Editor-in-Chief
RN Today Magazine
GUEST OF HONOUR
SEASON 4
LE MERIDIEN
21 Dec 2024
REGISTER NOW
Chetan Advertising
CandelaEra
Styles
शब्द शिला
कल्कि NEWS
24x7 LIVE
CIFTOPEDIA INDIA
RN TODAY
राजनीतिक वार्ता
RAMME ENTERTAINMENT
+91-93116-93275, 95605-23237
mall.pbevents@gmail.com


KCF
KRISHNA CHOUHAN FOUNDATION PRESENTS
BRIGHT OUTDOOR MEDIA LIMITED
BOLLYWOOD LEGEND AWARD - 2024
6TH YEAR
V I P GUEST
DR. KRISHNA CHOUHAN
DIRECTOR & PRODUCER
NATIONAL PRESIDENT OF KRISHNA CHOUHAN FOUNDATION
8169036309
14 December 2024
at 6: pm. to 10: pm.
Mayor's Hall, Near. BMW Showroom, Juhu Line, Andheri West, Mumbai- 58.
KCF BOLLYWOOD LEGEND AWARD 2024
RIHAN ANSARI
R N TODAY


NORA
FATEHI


RIHAN NEWS TODAY PRIVATE LIMITED
RIHAN ANSARI
+91 9927141966
NEWS
RN TODAY
Aapko Rakhe Aagey
Zareen
Khan